PRGI Reg. No. : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 301 ● भिलाई, शुक्रवार 12 जून 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

क्या यूएस नेवी को पता थी राष्ट्रीयता?

## ईरान-अमेरिका जंग के बीच तीन भारतीय नाविकों की मौत

नई दिल्ली/ एजेंसी

पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच जंग बीते 104 दिनों से जारी है। होर्मुज के आसपास तनावपूर्ण माहौल में मिसाइलों और अन्य हथियारों से लगातार गोलीबारी हो रही है। ओमान के तट के पास एक जहाज- एमटी सेंट्रेबेलो पर हुए हमले में कई लोगों ने जान गंवाई है, इसमें तीन भारतीय भी शामिल हैं। जिन तीन भारतीय नाविकों की मौत की पुष्टि हुई है, इसमें एक उत्तर प्रदेश के देवरिया का है। मौत की पुष्टि होने के बाद परिवार में मातम पसर गया है। जिस जहाज पर हमला हुआ है, वह फिलीपींस के पास बसे देश- पलाऊ के झंडे वाला जहाज है। इस मामले में ओमान में भारतीय दूतावास ने भी बयान जारी किया। सरकार ने कहा, ओमान के शिनस बंदरगाह के पास एक पोत पर हमले की जानकारी मिली है। दूतावास स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है और स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। विदेश मंत्रालय (एमईए) की तरफ से भी स्थिति पर नजर रखने और ओमान के अधिकारियों के साथ बचाव प्रयासों का समन्वय करने की बात कही गई। विदेश मंत्रालय ने क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर चिंता जताते हुए तनाव कम करने का आह्वान किया है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास जिन तीन भारतीय नाविकों की मौत की पुष्टि हुई है, इनमें से एक देवरिया जिले के सुरौली गांव का निवासी शिवानंद चौरसिया है। शिवानंद की मौत की खबर सुनकर उनके परिवार में मातम छा गया। परिजनों और पड़ोसियों का रो-रोकर बुरा हाल है। शिवानंद चौरसिया कई महीनों से समुद्र



में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। उनके जीजा संजय चौरसिया ने बताया कि घटना से कुछ समय पहले ही परिवार ने उनसे बात की थी। संजय ने बताया, शिवानंद के दो बच्चे हैं। उनके पिता रामजी चौरसिया ने भी अंतिम बातचीत याद करते हुए बताया कि शिवानंद ने सब ठीक होने की बात कही थी। उन्होंने बताया कि शिवानंद ने पिछली रात 9 बजे फोन पर सब ठीक होने की बात कही थी। पड़ोसी रोहन शाही ने बताया कि शिवानंद परिवार के एकमात्र कमाने वाले थे। शिवानंद करीब 8-9 महीने पहले काम पर गए थे।

पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र में तेजी से बदलती स्थिति के बीच, कुवैत, जॉर्डन और बहरीन ने हवाई रक्षा प्रणालियों द्वारा हवाई लक्ष्यों को रोके जाने पर अलर्ट जारी किया है। ईरानी अधिकारियों ने अमेरिकी हमलों के जवाब में होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है ईरान की सेना- आईआरजीसी ने अमेरिकी हमलों के जवाब में कुवैत के अली अल-सलेम और अहमद अल-जाबेर अड्डों और बहरीन के शेख ईसा एयर बेस सहित 18 'महत्वपूर्ण' अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। आईआरजीसी कमांडर जनरल सैयद माजिद मूसावी ने अमेरिका को चेतावनी दी। मूसावी ने कहा कि अगर अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा को खतरा पहुंचाता रहा तो वे इस क्षेत्र का हाल 'नरक' जैसा कर देंगे।

### भीषण आग में घिरा एमटी जलवीर खतरे में 20 नाविकों की जान!

*अमेरिका और ईरान के बीच छिड़ी जंग अब भारतीय नाविकों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। ओमान के शिनास पोर्ट के पास गुरुवार को एक और व्यावसायिक जहाज एमटी जलवीर पर हमला हुआ है। इस जहाज पर चालक दल के रूप में 20 भारतीय नाविक तैनात हैं। होर्मुज के पास हो रहे इन हमलों ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार और भारतीय कर्मियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार, एमटी जलवीर पर हुए इस हमले के बाद जहाज के चिमनी और इंजन रूम में भीषण आग लग गई है। सोशल मीडिया पर इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें जहाज से काला धुआं निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। हालांकि, राहत की बात यह है कि जहाज पर तैनात सभी 20 भारतीय नाविक सुरक्षित बताए जा रहे हैं।*

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक और यात्री बस की आमने-सामने टक्कर, चार लोगों की मौत

**बहराइच।** बहराइच जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दस अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना उस समय हुई जब एक तेज रफ्तार ट्रक और यात्री बस की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस घटना में लखनऊ से रुपईडीहा जा रही सवारियों से भरी रोडवेज बस को तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। इस टक्कर के बाद दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। शुरुआती जानकारी के अनुसार, बस में सवार कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें हरदी पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती करवाया, जहां 3 यात्रियों की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रोडवेज बस लखनऊ से बहराइच होते हुए रुपईडीहा जा रही थी। भगवानपुर चौराहे के करीब सामने से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बस को टक्कर मार दी।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रमपुरवा भेजा गया। गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### भारत ने पहली बार तैनात किए रेडी टू फायर 12 परमाणु हथियार

**नई दिल्ली।** वैश्विक सुरक्षा और सामरिक संतुलन के बीच भारत की परमाणु रणनीति को लेकर एक महत्वपूर्ण खुलासा सामने आया है। हथियारों और सैन्य क्षमताओं पर नजर रखने वाली प्रतिष्ठित संस्था स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की ताजा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत ने पहली बार 12 परमाणु वॉरहेड को परिचालन (ऑपरेशनल) स्थिति में तैनात किया है। रिपोर्ट के अनुसार, अब तक भारत परमाणु वॉरहेड और उन्हें लक्ष्य तक पहुंचाने वाले मिसाइल या अन्य प्लेटफॉर्म को अलग-अलग स्थानों पर रखता रहा है। हालांकि हालिया घटनाक्रम संकेत देते हैं कि भारत ने अपनी दशकों पुरानी व्यवस्था में बदलाव करते हुए कुछ परमाणु हथियारों को सीधे डिलीवरी सिस्टम से जोड़ दिया है या उन्हें ऐसे सैन्य ठिकानों पर तैनात किया है जहां से जरूरत पड़ने पर तत्काल इस्तेमाल किया जा सके।

### नीट री-एग्जाम से पहले एनटीए दफ्तर पहुंचे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र

**नई दिल्ली।** मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम नीट का पेपर लीक होने के बाद अब 21 जून को दोबारा परीक्षा आयोजित होने जा रही है। 3 मई को हुई परीक्षा के रद्द होने के बाद देशभर में हुए भारी प्रदर्शन और उठते सवालों के बीच, सरकार अब किसी भी हाल में इस नीट री-एग्जाम को 'लीक प्रूफ' बनाने की पूरी तैयारी में जुटी हुई है। इसी कड़ी में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान खुद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के मुख्यालय पहुंचे और वहां चल रही तमाम व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

बीजेपी या कांग्रेस

## किसके साथ जायेंगे बाबुल सुप्रियो?खुद दिया जवाब...

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद से तृणमूल कांग्रेस के भीतर उथल-पुथल जारी है. एक-एक कर टीएमसी के विधायक और सांसद उसका साथ छोड़ते जा रहे हैं. अब तक ञ्जरूष्ट के तीन राज्यसभा सांसद इस्तीफा दे चुके हैं और एक अनुमानित लिस्ट में कई ऐसे बागियों के नाम हैं जो आने वाले दिनों में पार्टी छोड़ सकते हैं. कुछ लोग यह हैं कि अब वह दिन दूर नहीं जब पार्टी में ममता और उनके भतीजे अभिषेक ही रह जायेंगे. इसी बीच तृणमूल कांग्रेस सांसद (राज्यसभा) बाबुल सुप्रियो ने पार्टी में चल रही अंदरूनी उथल-



पुथल और राजनीतिक अटकलों के बीच एक विस्तृत बयान जारी किया है. उन्होंने कहा कि मीडिया लगातार उनसे यह पूछ रहा है कि वे किस खेमे में हैं, जिससे वे थक चुके हैं. सुप्रियो ने स्पष्ट किया कि वह पूरी तरह उस पार्टी और नेतृत्व के साथ खड़े हैं।



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने नई दिल्ली में 10 जनपथ पर कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की।

किल्लत के बीच बढ़ोतरी को मंजूरी

## कीमोथेरेपी में इस्तेमाल होने वाली दवाएं होंगी महंगी......

नईदिल्ली। देशभर में कैंसर की दवाओं की किल्लत के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने कीमोथेरेपी में इस्तेमाल होने वाली 2 अहम दवाओं- सिस्प्लैटिन और कार्बोप्लैटिन की कीमत बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। इस कदम से ये स्पष्ट होता है कि पहली बार सरकार ने आधिकारिक तौर पर यह स्वीकार किया गया है कि दवाओं की कमी वास्तविक है और इस पर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के फार्मास्यूटिकल्स विभाग ने 7 जून को राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण



(एनपीपीए) को पत्र लिख कीमत बढ़ाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने को कहा है। सरकार ने इस मामले में ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर, 2013 के पैरा 19 का इस्तेमाल करने की मंजूरी दी है। इसके तहत जब सरकार को लगता है कि किसी जरूरी दवा की उपलब्धता प्रभावित हो रही है।

अभिषेक पर क्यों बिफरे कल्याण बनर्जी

## वो अहंकारी है,उसके कारण पार्टी खत्म हो गई-कल्याण

कोलकाता/ एजेंसी

पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद से तृणमूल कांग्रेस घास के तिनके की तरह बिखरती दिख रही है। इसकी शुरुआत पहले विधानसभा के स्तर पर शुरू हुई, जो राज्यसभा तक जा पहुंची। पिछले तीन दिन में पार्टी के तीन राज्यसभा सांसदों ने इस्तीफा दिया है। अब टीएमसी के बड़े नेता कल्याण बनर्जी के आरोपों ने पार्टी को अंदर तक झकझोर दिया है। दरअसल, कल्याण बनर्जी हस्ताक्षर जालसाजी के मामले में अभिषेक बनर्जी के वकील के तौर पर कोर्ट



की सुनवाई में शामिल हो रहे हैं। लेकिन, इस सुनवाई के दौरान अभिषेक बनर्जी के न मौजूद रहने पर उन्होंने पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी से साफ कहा है कि उनमें और अभिषेक बनर्जी में से एक को चुनें। इस मामले पर विस्तार से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'सीआईडी से जुड़ा यह मामला असल में पहले ही फाइल किया गया था। उन्होंने इसे पहले फाइल किया था। शुक्रवार को वेकेशन बेंच बैठी थी और मैंने पूरे दिन इंतजार किया, लेकिन मामले पर सुनवाई नहीं हुई। उसके बाद, मैंने कोर्ट के सामने इसका जिक्र किया और जज ने कहा कि मामले की सुनवाई बुधवार को होगी। जैसा कि आप जानते हैं, मंगलवार को कैमक स्ट्रीट स्थित उनके (अभिषेक बनर्जी) घर और दीदी के ऑफिस में तलाशी ली गई थी। मैं दिल्ली से आया था और वहां भी गया था। तलाशी के दौरान मैं मौजूद था।

### पेट्रोल-सिलिंडर के बाद अब फ्लाइट टिकट भी होगी महंगी,जेट फ्यूल हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** सरकार की नई प्राइस स्टेबलाइजेशन स्कीम के तहत घरेलू एयरलाइंस अब एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतें तीन साल तक के लिए तय कर सकेंगी। इसी बीच सरकारी फ्यूल रिटेलर्स ने जेट फ्यूल की कीमतों में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। नई व्यवस्था के अनुसार, इस स्वैच्छिक योजना को अपनाने वाली एयरलाइंस को एटीएफ के लिए 115 रुपये प्रति लीटर की निश्चित कीमत चुकानी होगी। इससे पहले यह कीमत 104.927 रुपये प्रति लीटर थी। जो एयरलाइंस इस योजना में शामिल नहीं होंगी, वे बाजार आधारित दरों पर ही ईंधन खरीदती रहेंगी।

सुप्रीम कोर्ट की ऐतिहासिक टिप्पणी

## महिलाएं सिर्फ होम मेकर नहीं बल्कि नेशन बिल्डर

नई दिल्ली/ एजेंसी

भारत के सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं और हाउसवाइफ के सम्मान में एक बहुत ही महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। जस्टिस संजय करोल की अध्यक्षता वाली बेंच ने स्पष्ट रूप से कहा है कि एक गृहिणी द्वारा किए जाने वाले घरेलू काम और परिवार की देखभाल की सेवाओं की बहुत बड़ी अहमियत होती है। इस अहमियत को समाज में किसी भी कीमत पर बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। अदालत ने अपने इस बड़े फैसले में बहुत ही सख्त और स्पष्ट



टिप्पणी करते हुए कहा कि शादी करने का मतलब घर में नौकरानी लाना बिल्कुल भी नहीं है। घर के जितने भी कामकाज होते हैं, वो पति और पत्नी दोनों की बराबर और साझा जिम्मेदारी होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं को सिर्फ होममेकर मानने की पुरानी सोच को पूरी तरह से बदलते हुए उन्हें नेशन बिल्डर का बड़ा दर्जा दिया है। अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने विस्तार से कहा कि एक गृहणी का योगदान सिर्फ उसके परिवार की देखभाल तक ही सीमित नहीं होता है। वो देश के समग्र मानव संसाधन और विशाल राष्ट्र निर्माण में भी बेहद अहम और बड़ी भूमिकाएं निभाती हैं। इसलिए महिलाओं को सिर्फ 'होममेकर' कहने के बजाय सम्मानपूर्वक 'नेशन बिल्डर' कहा जाना चाहिए जिससे उन्हें समाज में उचित दर्जा और सम्मान मिल सके। अदालत ने महिलाओं के शानदार करियर और अधिकारों पर भी बहुत बड़ी और महत्वपूर्ण बात कही है।

वोटिंग से पहले ही आ गया नतीजा!

## अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत 14 उम्मीदवार निर्विरोध जीते

नई दिल्ली/ एजेंसी

18 जून को होने वाले मतदान से पहले ही 14 उम्मीदवार गुरुवार को निर्विरोध राज्यसभा चुनाव जीत गए। इन उम्मीदवारों के सामने कोई और प्रत्याशी नहीं खड़ा था। निर्विरोध जीतने वाले उम्मीदवारों में 10 भाजपा और 4 कांग्रेस पार्टी से हैं। चुनाव जीतने वालों में कर्नाटक से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पवन खेड़ा शामिल हैं। वहीं, भाजपा के उम्मीदवार सतीश पूनिया, अलका गुर्जर और कांग्रेस के नीरज डांगी राजस्थान से निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। इसके अलावा गुजरात से बीजेपी के सभी चार राज्यसभा उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत चार



उम्मीदवारों को गुरुवार को कर्नाटक से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। खरगे के अलावा कांग्रेस सचिव मंसूर अली खान, पवन खेड़ा और बीजेपी के एम. नागराज भी राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। कर्नाटक से राज्यसभा के चार मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल 25 जून को समाप्त हो रहा है। इनमें बीजेपी के इरन्ना कडाडी और नारायण कोरागाप्पा, कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खरगे तथा जनता दल (सेक्युलर) के नेता एच.डी. देवेगौड़ा शामिल हैं। ये चारों सीट खाली होने के कारण चुनाव की घोषणा की गई थी। गुरुवार को सभी चार उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। बता दें कि मध्य प्रदेश में मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के बाद सियासी बवाल मचा हुआ है। इस बीच भाजपा के रजनीश अग्रवाल, तरुण चुघ और महेश केवट की जीत हुई है। वहीं, इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने वाले मामले में दायर की गई पार्टी की याचिका पर सुनवाई शुक्रवार तक के लिए टाल दी थी। बता दें कि आंध्र प्रदेश की 4, झारखंड की 2 और मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल, मिजोरम, महाराष्ट्र, और तमिलनाडु की एक-एक सीट पर 18 जून को वोटिंग होगी। इस चुनाव में कांग्रेस को एक, बीजेपी को 8, जेएमएम को दो और टीवीके को एक सीट पर जीत मिलने की संभावना है। मालूम हो कि 244 सदस्यों वाली राज्यसभा में एनडीए के पास फिलहाल 149 सांसद हैं।

### मध्य प्रदेश में भाजपा का 'क्लीन स्वीप', तीनों सीटों पर बिना किसी मुकाबले के दर्ज की जीत



*मध्य प्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटों के लिए हो रहे चुनाव का परिणाम भाजपा के पक्ष में रहा है। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रजनीश अग्रवाल, तरुण चुग और महेश केवट को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। चुनाव आयोग द्वारा तीनों उम्मीदवारों को जीत का आधिकारिक प्रमाण पत्र भी सौंप दिया गया है। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला तब रोचक हो गया था जब कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन को अपना प्रत्याशी बनाया था। हालांकि, 9 जून को स्क्रूटनी के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद शर्मा ने तकनीकी आधार पर उनका नामांकन पत्र निरस्त कर दिया। भाजपा ने आरोप लगाया था कि नटराजन ने अपने हलफनामे में तेलंगाना की अदालत में लंबित एक मामले की जानकारी छिपाई है। इसके विपरीत, कांग्रेस का तर्क है कि वह कोई आपराधिक मामला नहीं, बल्कि केवल एक नोटिस था, जिसे हलफनामे में दर्शाना अनिवार्य नहीं था। नामांकन रद्द होने के बाद कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत से चुनाव प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने सुनवाई शुक्रवार तक के लिए टाल दी है। कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने चुनाव आयोग पर भाजपा के 'रबर स्टैंप' के रूप में काम करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि न्याय में देरी की जा रही है, जबकि नामांकन वापसी की अंतिम समय-सीमा खत्म हो गई थी। कांग्रेस अब इस मामले को लेकर संवैधानिक स्तर पर विरोध दर्ज कराने की तैयारी में है।*

C M Y K

# संपादकीय

## अग्निकांड- मौत के बाद जांच, जांच के बाद खामोशी

राजधानी दिल्ली में एक इमारत में आग लगने की वजह से इक्कीस लोगों की जान चली गई। उसके अगले ही दिन बिहार के मुजफ्फरपुर में एक निजी अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में आग लग गई, जिसमें पांच लोगों के मरने की खबरें आईं।किसी भी हादसे का सबसे जरूरी सबक यह होना चाहिए कि भविष्य में ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि वैसी घटना दोबारा न हो। मगर ऐसा लगता है कि आए दिन इमारतों में आग लगने और उसमें लोगों की जान जाने की घटनाओं से कोई सबक नहीं लेने की लापरवाही एक सामान्य चलन बन चुकी है।राजधानी दिल्ली में एक इमारत में आग लगने की वजह से इक्कीस लोगों की जान चली गई। उसके अगले ही दिन बिहार के मुजफ्फरपुर में एक निजी अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में गुरुवार को भीषण आग लग गई, जिसमें पांच लोगों के मरने की खबरें आईं। इस घटना ने एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं में व्यवस्थागत कमियों की कलई खोल दी है।आमतौर पर किसी भी अस्पताल में मरीज इस उम्मीद में इलाज कराने जाते हैं, ताकि उनकी जिंदगी बच सके। मगर जब वहां अति सुरक्षित माने जाने वाले कक्ष में ही उनकी जान पर बन आए, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? अस्पतालों में सुरक्षा नियमों की जिस तरह अनदेखी हो रही है, उससे स्पष्ट है कि चिकित्सा एक ऐसे व्यवसाय का रूप ले चुकी है, जहां शायद जिंदगी की कोई कीमत नहीं।पिछले कुछ वर्षों में अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं के दौरान अग्नि सुरक्षा मानकों में बार-बार गंभीर खामियां पाई गई हैं। बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। मुजफ्फरपुर में हुए हादसे ने साफ कर दिया है कि अस्पताल में किस हद तक घोर लापरवाही बरती जा रही थी।मामले की जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का पांच सदस्यीय दल बनाया गया है। अब जांच की रिपोर्ट कब आएगी, उस पर क्या कार्रवाई होगी, यह आम लोगों को शायद ही पता चले। मगर इस घटना में मारे गए मरीज कभी घर नहीं लौटेंगे।बेहतर होता कि स्वास्थ्य विभाग संबंधित अस्पताल से तत्काल जवाब-तलब करता कि मरीजों की सुरक्षा के लिए आपातकालीन निकास की व्यवस्था के साथ अग्निरोधक उपाय उसने पहले क्यों नहीं किए। हैरत की बात है कि अस्पताल परिसरों में शॉर्ट सर्किट जैसी समस्या से निपटने को लेकर एहतियात बरतना और बुनियादी इंतजाम करना जरूरी नहीं समझा जाता है। जांच और राहत के आश्वासनों से इतर सवाल यह है कि इस तरह की व्यापक लापरवाही के लिए प्रशासन की अनदेखी की जवाबदेही कब तय की जाएगी!

**किसी भी राज्य के विकास के लिए स्पष्ट विजन का होना जरूरी है। ऐसा न हो तो संसाधन बिखरते हैं, ऊर्जा का सही उपयोग नहीं पाता और लक्ष्य अधूरे रह जाते हैं। 2017 में जब एक भगवादारी संन्यासी योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की बागडोर संभाली थी, कारपोरेट जगत से लेकर सभी लोगों के मन में एक ही प्रश्न था कि क्या वह राज्य को विकास की राह पर ले जा पाएंगे? ऐसा राज्य जहां माफिया और अपराधियों की तूती बोलती हो, निवेशक आने से घबराते हों और जिसकी पहचान बीमारू के रूप में होती हो। लोगों के मन में यह प्रश्न उठना सहज ही था, क्योंकि प्रबंधन के स्तर पर राज्य की चूलें हिली हुई थीं। लोगों के प्रश्नों का जवाब उचित प्रबंधन ही दे सकता था और उसके बाद से अब तक का समय यदि इसकी मिसाल बना तो इसके पीछे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट विजन ही था।**

# मैनेजमेंट गुरु योगी आदित्यनाथ

(प्रो. दीप्ति तनेजा)

किसी भी राज्य के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण क्या हो सकता है? यह एक गंभीर सवाल है और लोग इसका जवाब अपने-अपने स्तर पर अलग-अलग ही देंगे। लेकिन, संदर्भ उत्तर प्रदेश का हो तो इसका सही जवाब है-विजन। किसी भी राज्य के विकास के लिए स्पष्ट विजन का होना जरूरी है। ऐसा न हो तो संसाधन बिखरते हैं, ऊर्जा का सही उपयोग नहीं पाता और लक्ष्य अधूरे रह जाते हैं। 2017 में जब एक भगवादारी संन्यासी योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की बागडोर संभाली थी, कारपोरेट जगत से लेकर सभी लोगों के मन में एक ही प्रश्न था कि क्या वह राज्य को विकास की राह पर ले जा पाएंगे? ऐसा राज्य जहां माफिया और अपराधियों की तूती बोलती हो, निवेशक आने से घबराते हों और जिसकी पहचान बीमारू के रूप में होती हो। लोगों के मन में यह प्रश्न उठना सहज ही था, क्योंकि प्रबंधन के स्तर पर राज्य की चूलें हिली हुई थीं। लोगों के प्रश्नों का जवाब उचित प्रबंधन ही दे सकता था और उसके बाद से अब तक का समय यदि इसकी मिसाल बना तो इसके पीछे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट विजन ही था।

**विजन का सही एग्जिक्यूशन-** कारपोरेट जगत में एक वाक्य बहुत कॉमन है- 'मैनेजर काम सही करता है, लीडर सही काम कराता है।' यह योगी आदित्यनाथ की प्रबंधकीय दृष्टि ही थी कि उन्होंने सबसे पहले सही काम तय किए और इसे सही तरीके से करने की जिद पकड़ी। मूल सिद्धांत यह कि कानून का राज ही विकास की राह है। यह उनका एक रणनीतिक घोषणापत्र था, जिसने पूरे प्रशासनिक तंत्र को एक दिशा दी, एक उद्देश्य दिया। साथ ही एक कसौटी भी रखी जिसमें हर नीति, हर निर्णय और हर अधिकारी को परखा जा सके। विजन में ऐसी स्पष्टता हो तो एग्जिक्यूशन की धार अपने आप तेज हो जाती है। बीते नौ सालों में समावेशी विकास की महागाथा, विश्वस्तरीय आयोजन और 50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, यह विजन के सही एग्जिक्यूशन से ही आए। इसीलिए योगी आज एक ऐसे मैनेजमेंट गुरु के रूप में देखे जा रहे हैं, जिनके फैसले केस स्टडी के रूप में प्रबंधकीय संस्थानों और छात्रों के लिए रुचि का विषय हैं।

**जीरो टॉलरेंस बना ब्रांड पोजीशनिंग टूल-** योगी सरकार का लक्ष्य था कि बीमार पड़े राज्य को पुनर्जीवित किया जाए। कारपोरेट जगत में इस प्रक्रिया को 'टर्नअराउंड' कहते हैं। यह प्रक्रिया आसान नहीं थी। पुरानी जड़ें उखाड़ने से लेकर पुराने प्रशासनिक ढांचे तोड़ने थे। उन लोगों को भी बदलना था, जो वर्षों से 'यही होता आया है' की मानसिकता में जी रहे थे। 2017 के पहले की स्थिति ऐसी ही थी, जिसमें पूरा तंत्र जड़ हो चुका था। न कोई जवाबदेही थी और न ही कोई संस्कृति। उत्तर प्रदेश की पहचान 'दंगा



**विजन में ऐसी स्पष्टता हो तो एग्जिक्यूशन की धार अपने आप तेज हो जाती है। बीते नौ सालों में समावेशी विकास की महागाथा, विश्वस्तरीय आयोजन और 50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, यह विजन के सही एग्जिक्यूशन से ही आए।**

प्रदेश' के रूप में थी और यह केवल एक छवि नहीं थी, यह अभिशाप था जो युवाओं को पलायन के लिए बाध्य कर रहा था तो उद्यमियों को आने से रोक रहा था। ऐसे में राज्य की अलग पहचान तभी हो सकती थी जब पूरी व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन कर राज्य को ब्रांड बनाया जाए।

इसके लिए योगी आदित्यनाथ ने 'जीरो टॉलरेंस' नीति को एक 'ब्रांड पोजीशनिंग टूल' के रूप में इस्तेमाल किया। बुलडोजर ने अपराधियों के हौसले तोड़े तो माफिया के खिलाफ अभियान ने सीधा संदेश दिया कि कानून सबके लिए बराबर है। पूरी कठोरता से इस फैसले के क्रियान्वयन ने देश के उद्योग जगत को स्पष्ट 'मार्केटिंग सिग्नल' दिया कि उत्तर प्रदेश बदल रहा है। परिणाम राजस्व की बड़ी उछाल के रूप में सामने आया और आज उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है तो यह यहां के प्रबंधन मॉडल की सफलता का परिणाम है।

**कुशल सीईओ जैसी कार्यशैली-** प्रबंधन में विजन और ब्रांडिंग से भी अधिक महत्वपूर्ण है- एग्जिक्यूशन। व्यक्तिगत निगरानी और समय-सीमा के प्रति अटल प्रतिबद्धता। हर परियोजना की डेली मॉनीटरिंग, डैशबोर्ड रिव्यू और स्वयं मुख्यमंत्री की देर रात तक चलने वाली समीक्षा बैठकें, यह किसी स्टार्टअप के कुशल व मेहनती 'सीईओ' की कार्यशैली नजर आती है। जब सबसे ऊपर बैठा व्यक्ति खुद जवाबदेह हो, तो पूरा सिस्टम उत्तरदायी हो जाता है। 2025 का महाकुंभ इस एग्जिक्यूशन की क्षमता का सबसे बड़ा और सबसे दृश्यमान प्रमाण था। 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का एक स्थान पर आना, मानव इतिहास का सबसे बड़ा लॉजिस्टिक्स और भीड़ प्रबंधन का प्रयोग था। परिवहन, सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, डिजिटल सेवाएं, हर विभाग को एक साथ-एक लय में चलाना, यह तब ही संभव है जब 'सेंट्रलाइज्ड कमांड एंड कंट्रोल' व्यवहार में जीवित हो। महाकुंभ की सफलता ने प्रबंधन का ऐसा इतिहास लिखा कि हार्वर्ड विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ भी दौड़े चले आए।

**ब्लू ओशन स्ट्रेटेजी-** एक और पहलू है जिसे अनदेखा करना असंभव है- 'ब्लू ओशन स्ट्रेटेजी।' इस स्ट्रेटजी में आप प्रतिस्पर्धा से बाहर निकलकर एक नया और अछूता बाजार बनाते हैं, जहां कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं। जब सभी राज्य एक ही तरह की नीतियां अपना रहे थे, उत्तर प्रदेश ने 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) और बाद में 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन कुज़ीन' (ओडीओसी) जैसे नवाचार किए। ओडीओपी राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा आधार बन गया। इस नीति ने लाखों कारीगरों को न केवल आजीविका दी, बल्कि उन्हें एक पहचान भी दी और यही किसी भी सफल संगठन की 'एचआर पॉलिसी' का सार होता है।

शोध का विषय बना यूपी मॉडल

किसी भी गंभीर संकट में प्रबंधन की असली परीक्षा होती है। उत्तर प्रदेश ने कोविड लहर में यह परीक्षा दो बार दी। ऑक्सीजन की कमी, स्वास्थ्य ढांचे की सीमाएं और लाखों जिंदगियों की जिम्मेदारी, इन सबके बीच जो प्रशासनिक प्रतिक्रिया सामने आई, वह 'इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर' के रूप में थी। जिला स्तर पर निगरानी, ऑक्सीजन वितरण की रियल-टाइम ट्रैकिंग, दवाओं की उपलब्धता, यह सब उसी 'डैशबोर्ड गवर्नेंस' का विस्तार था जो इस सरकार की पहचान बन चुका है। उत्तर प्रदेश का बदलाव प्रबंधन की बड़ी कहानी है और इसीलिए आज आईआईएम के शोधार्थी 'यूपी मॉडल' पर शोधपत्र लिख रहे हैं और हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू में उत्तर प्रदेश की चर्चा हो रही है। यह किसी राज्य के लिए सामान्य बात नहीं है। भगवा कपड़ों में एक संन्यासी का सीईओ रूप सभी को प्रभावित कर रहा है। योगी ने सिद्ध किया है कि नेतृत्व की कोई पोशाक नहीं होती और न ही इसके मूल में कोई पृष्ठभूमि होती है। जनता के प्रति प्रतिबद्धता निष्कपट हो, तो मठ से निकला एक संन्यासी भी देश की सर्वाधिक आबादी वाले राज्य का सबसे सफल 'टर्नअराउंड सीईओ' बन सकता है। (लेखिका अर्थशास्त्र विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो. हैं।)

ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## जीवन का आधार है पर्यावरण

(रमेश सर्राफ धमोरा)

पर्यावरण दो शब्दों परि और आवरण से मिलकर बना है। परि का अर्थ होता है हमारे आसपास या हमारे चारों ओर। आवरण का अर्थ होता है हम चारों ओर जिससे घिरे हैं। अर्थात पर्यावरण का अर्थ हमारे आस-पास के वातावरण से हैं। पर्यावरण पेड़-पौधों, वायु हमारे आस-पास की सभी चीजों से मिलकर बनता है।

दुनिया में हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोगों को कई कार्यक्रमों के जरिये प्रकृति को संरक्षित रखने और इससे खिलवाड़ न करने के लिए जागरूक किया जाता हैं। इन कार्यक्रमों के जरिये लोगों को पेड़-पौधे लगाने, पेड़ों को संरक्षित तात्कालिकता और इसके वास्तविक, ठोस समाधानों पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान करती है।

पर्यावरण दो शब्दों परि और आवरण से मिलकर बना है। परि का अर्थ होता है हमारे आसपास या हमारे चारों ओर। आवरण का अर्थ होता है हम चारों ओर जिससे घिरे हैं। अर्थात पर्यावरण का अर्थ हमारे आस-पास के वातावरण से हैं। पर्यावरण पेड़-पौधों, वायु हमारे आस-पास की सभी चीजों से मिलकर बनता है। पर्यावरण हमारे दैनिक जीवन से सीधा संबंध रखता हैं। मानव और पर्यावरण एक दूसरे से संबंधित तथा एक दूसरे पर निर्भर होते हैं। पर्यावरण प्रदूषण जैसे पेड़ों का कम होना,



करने, हरे पेड़ न काटने, नदियों को साफ रखने और प्रकृति से खिलवाड़ न करने जैसी चीजों के लिए जागरुक किया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस एक अभियान है। इस अभियान की शुरुआत करने का मुख्य उद्देश्य वातावरण की स्थितियों पर ध्यान केन्द्रित करने और पृथ्वी के सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरण में सकारात्मक बदलाव का भाग बनने के लिए लोगों को प्रेरित करना है।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1972 में पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था। लेकिन विश्व स्तर पर इसके मनाने की शुरुआत 5 जून 1974 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुई थी। जहां 119 देशों की मौजूदगी में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। साथ ही प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का गठन भी हुआ था। हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम जलवायु के लिए अभी है। यह थीम जलवायु परिवर्तन की वायु प्रदूषण आदि मनुष्य के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डालता है। मानव की अच्छी बुरी आदतों का प्रभाव सीधा पर्यावरण पर पड़ता हैं। विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य मानव जाति को पर्यावरण के प्रति सचेत करना हैं। उसका उद्देश्य पूरी प्रकृति व पर्यावरण की सुरक्षा करना हैं।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की मेकिंग पीस विद नेचर रिपोर्ट पृथ्वी पर मंडरा रहे तीन बड़े पर्यावरणीय संकटों जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता का नुकसान और प्रदूषण से निपटने के लिए एक वैज्ञानिक खाका प्रदान करती है। रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता की हानि और प्रदूषण तीनों आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। ये मानव अस्तित्व के लिए एक स्व-निर्मित खतरा हैं। प्रदूषण के कारण हर साल लगभग 90 लाख लोग असामयिक रूप से अपनी जान गंवाते हैं। लगभग 10 लाख प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। मानवता ने पिछले 50 वर्षों में प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक और अस्थिर दोहन किया है जिससे हमारी पृथ्वी की जीवन-समर्थन क्षमता कमजोर हो गई है।

# पर्यावरणीय संकट से समाधान की ओर बढ़ने का समय

**पर्यावरणीय संकट का मूल कारण विकास की वह अवधारणा है जिसमें प्रकृति को केवल संसाधन और उपभोग की वस्तु मान लिया गया है। हमने जंगलों को उद्योगों के लिए, नदियों को अपशिष्ट के लिए और भूमि को कंक्रीट के जंगलों में बदलने के लिए प्रयोग किया। प्रकृति हमें जीवन का आधार निःशुल्क देती है, लेकिन हमने उसके प्रति कृतज्ञता के बजाय दोहन का व्यवहार अपनाया। परिणामस्वरूप वनस्पतियों का विनाश, वन्य जीवों का संकट, भूमिगत जल का क्षय और प्रदूषण का विस्तार निरंतर बढ़ रहा है।**

(ललित गर्ग)

वर्तमान संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और नैतिक संकट भी है। वायु प्रदूषण लाखों लोगों की असामयिक मृत्यु का कारण बन रहा है। जल स्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। कृषि व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मौसम चक्र असंतुलित हो गया है। गरीब और कमजोर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

5 जून को मनाया जाने वाला विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि पृथ्वी और मानवता के भविष्य को बचाने का वैश्विक संकल्प है। वर्ष 2026 का विश्व पर्यावरण दिवस ऐसे समय में आया है जब जलवायु परिवर्तन, प्लास्टिक प्रदूषण, जैव विविधता का क्षरण, जल संकट, वायु प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने पृथ्वी के अस्तित्व को गंभीर चुनौती के सामने खड़ा कर दिया है। इस वर्ष की थीम प्लास्टिक प्रदूषण का अंत (ठमंज च्सेंजपब च्वससनजपवद) केवल प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का आह्वान नहीं है, बल्कि उपभोगवादी जीवनशैली और प्रकृति-विरोधी विकास मॉडल पर पुनर्विचार का भी संदेश है। आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को झेल रही है। कहीं भीषण गर्मी जीवन को असहनीय बना रही है, कहीं अनियंत्रित वर्षा और बाढ़ तबाही ला रही है, तो कहीं सूखा और जल संकट मानव अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़े कर रहे हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। उत्तराखंड के जंगलों में आग, हिमालयी क्षेत्रों में ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना, महानगरों में प्रदूषण, बेंगलुरु जैसे तकनीकी नगरों में जल संकट और लगातार बढ़ती गर्मी इस बात के संकेत हैं कि पर्यावरणीय संकट अब भविष्य की नहीं, वर्तमान की वास्तविकता बन चुका है।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें चेतावनी दे रही हैं कि पिछले एक दशक में जलवायु संबंधी आपदाओं से लाखों लोगों की मृत्यु हुई है और खरबों डॉलर की आर्थिक क्षति हुई है। जैव विविधता का ह्रास, जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण-ये तीनों संकट परस्पर जुड़े हुए हैं। यदि वैश्विक तापमान वृद्धि को



नियंत्रित नहीं किया गया तो मानव सभ्यता के सामने अभूतपूर्व संकट खड़ा हो सकता है। 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन आज भी दुनिया उस दिशा में अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ रही है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि विश्व के सामने उपस्थित इस सबसे बड़े संकट को भारत की राजनीति में वह महत्व नहीं मिला, जिसका वह अधिकारी है। चुनावी घोषणापत्रों में पर्यावरण का उल्लेख तो होता है, लेकिन वह केवल औपचारिकता भर रह जाता है। राजनीतिक दल यह मानकर चलते हैं कि पर्यावरण, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन वोट दिलाने वाले मुद्दे नहीं हैं। परिणामस्वरूप पर्यावरणीय प्रश्न न तो चुनावी बहस का हिस्सा बनते हैं और न ही राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का। जबकि सच्चाई यह है कि आने वाली पीढ़ियों का जीवन, स्वास्थ्य और सुरक्षा इसी प्रश्न पर निर्भर करती है।

पर्यावरणीय संकट का मूल कारण विकास की वह अवधारणा है जिसमें प्रकृति को केवल संसाधन और उपभोग की वस्तु मान लिया गया है। हमने जंगलों को उद्योगों के लिए, नदियों को अपशिष्ट के लिए और भूमि को कंक्रीट के जंगलों में बदलने के लिए प्रयोग किया। प्रकृति हमें जीवन का आधार निःशुल्क देती है, लेकिन हमने उसके प्रति कृतज्ञता के बजाय दोहन का व्यवहार अपनाया। परिणामस्वरूप वनस्पतियों का विनाश, वन्य जीवों का संकट, भूमिगत जल का क्षय और प्रदूषण का विस्तार निरंतर बढ़ रहा है। भारतीय संस्कृति ने सदैव प्रकृति को पूजनीय माना है। वृक्षों, नदियों, पर्वतों और वनस्पतियों को केवल भौतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवनदाता के रूप में देखा गया। आयुर्वेद और वनौषधि विज्ञान इसका श्रेष्ठ उदाहरण हैं। जड़ी-बूटियों और वनस्पतियों ने हजारों वर्षों तक मानव स्वास्थ्य की रक्षा की, लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ में यह ज्ञान और प्राकृतिक संपदा दोनों उपेक्षित होते गए। आज जब नई-नई बीमारियां मानव जीवन को चुनौती दे रही हैं, तब पुनः प्रकृति और वनस्पति जगत की ओर लौटने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

वर्तमान संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और नैतिक संकट भी है। वायु प्रदूषण लाखों लोगों की असामयिक मृत्यु का कारण बन रहा है। जल स्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। कृषि व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मौसम चक्र असंतुलित हो गया है। गरीब और कमजोर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। कभी इंदिरा गांधी ने कहा था कि 'गरीबी सबसे बड़ा प्रदूषक है।'

आज यह कथन और अधिक प्रासंगिक हो गया है क्योंकि गरीबी और पर्यावरणीय विनाश एक-दूसरे को बढ़ाने वाले कारक बन गए हैं। भारत में पर्यावरण संरक्षण के लिए कानूनों की कमी नहीं है। 1972 में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम से लेकर अनेक पर्यावरणीय कानून बनाए गए। लेकिन कानूनों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के बीच गहरी खाई बनी हुई है। अवैध खनन, वनों की कटाई, प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों की अनदेखी और पर्यावरणीय मंजूरियों में शिथिलता इस बात का प्रमाण है कि संस्थागत इच्छाशक्ति अभी भी पर्याप्त नहीं है। फिर भी आशा की किरण दिखाई देती है। युवाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ रही है।

# 18 दिनों में बदली जिंदगी एनआरसी की देखभाल से गंभीर कुपोषण से उबरे सात माह के जेकलिन और जसवंत



कोण्डागांव। जिले में कुपोषण के खिलाफ जारी प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी की विशेष देखभाल और उपचार से सात माह की जेकलिन कोर्राम व जसवंत कोर्राम दो जुड़वा गंभीर कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। यह सफलता न केवल बच्चों के परिवारों के लिए राहत लेकर आई है, बल्कि यह भी साबित करती है कि समय पर उपचार और संतुलित पोषण से गंभीर कुपोषण जैसी चुनौती पर प्रभावी तरीके से विजय पाई जा सकती है। यहां बता दें कि कोंडागांव जिले के दूरस्थ ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में कुपोषण एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त पहल से संचालित एनआरसी में कई बच्चों के लिए जीवनदायी केंद्र साबित हो रहे हैं। हालांकि विशेषज्ञ मानते हैं कि कुपोषण के स्थायी रोकथाम के लिए केवल उपचार पर्याप्त नहीं है। परिवारों में पोषण संबंधी जागरूकता, गर्भवती महिलाओं की देखभाल, स्तनपान, पूरक आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच पर समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। जिले के सुदूरवर्ती अंचल बेचा गांव की रहने वाली जेकलिन कोर्राम और जसवंत कोर्राम को 15 मई को गंभीर कुपोषण की स्थिति में एनआरसी में भर्ती कराया गया था। भर्ती के समय जैकलिन का वजन मात्र 3.155 किलोग्राम था। चिकित्सकीय जांच में उसकी लंबाई 54 सेंटीमीटर, एमयूएसी 8.4 सेंटीमीटर और हीमोग्लोबिन 8.5 वहीं जसवंत का वजन वजन 3.450 किलोग्राम, लंबाई 55 सेंटीमीटर, एमयूएसी 8.6 सेंटीमीटर और हीमोग्लोबिन 9.1 ग्राम पाया गया, जो गंभीर कुपोषण की स्थिति को दर्शाता है।

### 24 घंटे निगरानी

एनआरसी में भर्ती होने के बाद दोनों बच्चों को विशेष पोषण आहार, आवश्यक दवाइयां और विशेषज्ञों के द्वारा नियमित स्वास्थ्य जांच उपलब्ध कराई गई। 18 दिनों की देखभाल के बाद 2 जून को डिस्चार्ज के समय जेकलिन का वजन बढ़कर 4.045 किलोग्राम तो जसवंत का वजन 4.315 किलोग्राम था।

### एनआरसी में ये सुविधाएं

एनआरसी में बच्चों को दूध, अंडा, केला, सत्तू, मूंग का हलवा, खिचड़ी, दलिया सहित कई पौष्टिक खाद्य पदार्थ दिए जाते हैं। साथ ही आयरन, फोलिक एसिड, कैल्शियम, जिंक और मल्टीविटामिन जैसे आवश्यक सप्लीमेंट भी उपलब्ध कराए जाते हैं। बच्चों के माता-पिता को भी पोषण और देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण सलाह दी जाती है, ताकि घर लौटने के बाद भी बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार जिले में कुपोषण को कम करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। एनआरसी से स्वस्थ होकर लौटने वाले बच्चों की हमर स्वस्थ लईका अभियान के तहत तीन माह तक नियमित निगरानी की जाएगी। जेकलिन को सही समय पर उपचार, पोषण और सामुदायिक सहयोग मिला, समय पर उपचार मिलने से बच्चों को स्वस्थ और बेहतर भविष्य दिया जा सकता है।

# पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन

कोण्डागांव। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना) अंतर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु जिला स्तरीय लिखित चयन परीक्षा 05 जुलाई दिन रविवार को समय दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक जिला मुख्यालय के परीक्षा केन्द्रों में आयोजित किया गया है। कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रों के चयन का मापदण्ड एवं पात्रता शर्तें हेतु विद्यार्थी कोण्डागांव जिले का निवासी हो, छ.ग. राज्य में मान्य अनु जाति/अनु जनजाति वर्ग का हो, इस हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र धारक हो, छ.ग. में संचालित किसी मान्यता प्राप्त शाला में से कक्षा 5वीं में नियमित अध्ययनरत हो तथा कक्षा चौथी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया है, पालक की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक न हो, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालय में ही अध्ययनरत विद्यार्थी इस योजना अंतर्गत आवेदन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना) अंतर्गत कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले पात्र छात्र-छात्राएं सादे कागज पर निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र पासपोर्ट साइज दो फोटो, परीक्षा पास होने का प्रमाणित प्रगति पत्र, पालक की सहमति, जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र (आयकर दाता ना होने का प्रमाण पत्र) एवं संस्था से ग्रामीण अंचल में होने संबंधी जानकारी 20 जून तक शाला स्तर पर जमा कराएं तथा शाला प्रमुख विद्यार्थी के आवेदन पत्रों का परीक्षण उपरांत विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 22 जून तक जमा करें। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा समस्त आवेदनों की सूची तैयार कर आवेदन पत्र व सूची की हार्ड कॉपी/सॉफ्ट कॉपी निर्धारित प्रपत्र में सीडी सहित 24 जून तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आ.वि. कोण्डागांव को अनिवार्यत प्रस्तुत करेंगे।

# निजी अस्पताल की लापरवाही ने ली जच्चा-बच्चा की जान सर्व आदिवासी समाज ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी




### क्या उग्र प्रदर्शन का इंतजार कर रहा है प्रशासन?

अब क्षेत्र की जनता के बीच सबसे बड़ा सवाल यही तैर रहा है कि क्या जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग किसी बड़े और उग्र आंदोलन का इंतजार कर रहे हैं, या फिर रसूखदारों के दबाव को दरकिनार कर एक पीड़ित आदिवासी परिवार को न्याय दिलाएंगे? पीड़ित परिवार इंसाफ की आस में भटक रहा है।

भानुप्रतापपुर। क्षेत्र के एक निजी अस्पताल की कथित लापरवाही और संवेदनहीनता के कारण एक प्रसूता और उसके नवजात बच्चे की दर्दनाक मौत का मामला गरमाता जा रहा है। मृतिका द्रौपदी कोमरा के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए अब सर्व आदिवासी समाज सड़क पर उतर आया है। प्रशासन की सुस्ती और जिला स्वास्थ्य विभाग की रहस्यमयी चुप्पी को लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतिका द्रौपदी कोमरा को प्रसव पीड़ा होने पर बीते 15 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में भर्ती कराया गया था। 17 मई को सोनोग्राफी और अन्य जांचों में डॉक्टरों ने पाया कि गर्भ में 'वाटर लेवल' (एमनियोटिक फ्लूइड) बेहद कम हो चुका है, जिससे सामान्य प्रसव (नॉर्मल डिलीवरी) असंभव था और जच्चा-बच्चा दोनों की जान को गंभीर खतरा था। शासकीय अस्पताल के डॉक्टरों ने स्थिति को भांपते हुए मरीज को तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया। गंभीर स्थिति को देखते हुए और बेहतर इलाज की उम्मीद में परिजनों ने 17 मई को मरीज को भानुप्रतापपुर के ही निजी 'गौतम हॉस्पिटल' में भर्ती कराया, जिसके दूसरे दिन प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा का मौत हो गई।

### नियमों की धज्जियां उड़ाई: न पुलिस को सूचना, न पोस्टमार्टम

नियमों के मुताबिक, यदि अस्पताल में उपचार के दौरान किसी मरीज की संदेहास्पद परिस्थितियों में मृत्यु होती है, तो तुरंत स्थानीय थाने को सूचित करना अनिवार्य होता है। लेकिन गौतम हॉस्पिटल प्रबंधन ने पुलिस को इसकी कोई सूचना नहीं दी और न ही जच्चा-बच्चा का पोस्टमार्टम कराया गया, जिससे अस्पताल की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### जांच के नाम पर 15 दिनों से केवल 'लीपापोती'?

अखबारों में खबर प्रकाशित होने के बाद जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने मामले को संज्ञान में लिया और जांच टीम भानुप्रतापपुर भेजी थी। लेकिन इस बात को 15 दिनों से भी ज्यादा का समय बीत चुका है, और अब तक दोषी अस्पताल प्रबंधन या डॉक्टरों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अंदरूनी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस मामले को दबाने के लिए राजधानी (रायपुर) के बड़े अधिकारियों और रसूखदारों द्वारा जांच टीम को 'कार्रवाई न करने' के लिए फोन आ चुके हैं। यही कारण है कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले में कुंडली मारकर बैठा है।

### सर्व आदिवासी समाज ने सौंपा ज्ञापन, 7 दिनों का अल्टीमेटम

इस दोहरी मौत और प्रशासनिक निष्क्रियता के खिलाफ सर्व आदिवासी समाज ने मोर्चा खोल दिया है। समाज के पदाधिकारियों ने जच्चा-बच्चा के पीड़ित परिजनों को न्याय व उचित मुआवजा दिलाने और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम भानुप्रतापपुर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। समाज ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर दोषी अस्पताल पर कार्रवाई, परिजनों को उचित मुआवजा और शासकीय अस्पताल में जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं, तो सर्व आदिवासी समाज उग्र प्रदर्शन और चक्का जाम करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**परिजनों का गंभीर आरोप: 5 घंटे का इंतजार और जबरन नॉर्मल डिलीवरी का प्रयास:** परिजनों का आरोप है कि गौतम हॉस्पिटल प्रबंधन ने गंभीर मरीज को देखने के बाद भी उन्हें 5 घंटे तक इंतजार कराया। स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही थी, जिसे देख परिजनों ने डॉक्टरों से बार-बार सिजेरियन (ऑपरेशन) करने की गुहार लगाई।

# नदी पार कर नुगुर पहुंचे कलेक्टर-एसपी ग्रामीणों से सीधा संवाद

**सुदूर वनांचल में चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं, सड़क, धान खरीदी और आजीविका योजनाओं पर दिए महत्वपूर्ण निर्देश**

बीजापुर। जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र भैरमगढ़ विकासखंड के नुगुर गांव (हुर्रगुवाली पंचायत) में कलेक्टर विश्वदीप, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे ने पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी समीक्षा की। विशेष बात यह रही कि अधिकारियों ने गांव तक पहुंचने के लिए नदी को पैदल पार किया, जिससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति विश्वास और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

**ग्रामीणों की चौपाल में सुनी गई समस्याएं:** गांव में आयोजित चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, आवास, धान खरीदी, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी मांगें रखीं। कलेक्टर विश्वदीप ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया तथा कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**धान खरीदी और उपार्जन केन्द्र निर्माण पर हुई चर्चा:** ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केतूलनार में धान खरीदी केंद्र हेतु दान उपार्जन केन्द्र के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। बैठक में नदी के इस पार से प्रशासन द्वारा धान उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में भी विचार-विमर्श हुआ। किसानों को बिचौलियों से सावधान रहने की सलाह देते हुए अधिकारियों ने कहा कि धान को समर्थन मूल्य पर ही बेचें। किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी तथा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से शासन द्वारा किए जाने वाले भुगतान की जानकारी दी गई।



### प्रशासन को अपने बीच पाकर बढ़ा ग्रामीणों का आत्मविश्वास

कलेक्टर, एसपी और जिला पंचायत सीईओ सहित वरिष्ठ अधिकारियों को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। ग्रामीणों ने बिना किसी झिझक के अपनी समस्याएं और मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं। कलेक्टर विश्वदीप ने सभी मांगों पर संवेदनशीलता के साथ विचार करने तथा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के समुचित विस्तार के लिए सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। शासन की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। दूरस्थ क्षेत्रों के विकास के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

### पीएमजीएसवाई सड़क निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

दौरे के दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

### कृषि और तकनीकी नवाचारों का लिया जायजा

अधिकारियों ने सोलर ड्यूल पंप का अवलोकन किया तथा किसानों को समय पर उर्वरक उठाव और एग्रीस्टेक पंजीयन कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

### स्कूल और आंगनबाड़ी भवनों का निरीक्षण

दौरे के दौरान स्कूल भवन एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों को उपलब्ध सुविधाओं तथा आधारभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने शिक्षा एवं पोषण सेवाओं को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए।

### आवास, शौचालय और आजीविका गतिविधियों पर जोर

ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे में शामिल होकर पात्रता अनुसार मकान निर्माण कराने की जानकारी दी गई। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण, मनरेगा के तहत डबरी निर्माण तथा गाय शेड निर्माण कराने के लिए प्रेरित किया गया।

# पुलिस परिवार के बच्चों और महिलाओं के लिए सुकमा में समर कैंप का शुभारंभ

**एसपी किरण चव्हाण की पहल, खेलकूद व मनोरंजक गतिविधियों से प्रतिभागियों में उत्साह**



सुकमा। पुलिस रक्षित केंद्र सुकमा में पुलिस परिवार के बच्चों एवं महिलाओं के लिए तीन दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन 10 जून से 12 जून तक संचालित होगा। समर कैंप के अंतर्गत बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न खेल एवं मनोरंजन गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कुर्सी दौड़, चम्मच-नींबू दौड़ सहित अनेक रोचक प्रतियोगिताएं शामिल है। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस परिवार के सदस्यों को स्वस्थ, आनंदमय एवं रचनात्मक वातावरण प्रदान करना है। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण का मानना है कि पुलिस जवान अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं और उनकी इस सेवा में परिवार का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। पुलिस विभाग ऐसा विभाग है जहां अधिकारी एवं जवान त्योहारों और विशेष अवसरों पर भी अपने परिवार से दूर रहकर जनता की सुरक्षा में तत्पर रहते हैं। ऐसे में पुलिस परिवार की महिलाएं एवं बच्चे त्याग, धैर्य और साहस के साथ उनका मनोबल बढ़ाने का कार्य करते हैं। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए पुलिस वेलफेयर गतिविधियों के तहत इस समर कैंप का आयोजन किया गया है, जिससे पुलिस परिवार के बच्चों एवं महिलाओं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके। कैंप में पुलिस परिवार के लगभग 130 बच्चों सहित करीब 200 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। र क्षित निरीक्षक रवि उपाध्याय ने बताया कि समर कैंप को लेकर बच्चों एवं महिलाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के नेतृत्व

# उर्वरक दुकानों पर कृषि-राजस्व विभाग का औचक निरीक्षण, सभी अभिलेख एवं स्टॉक मिले दुरुस्त



बीजापुर। कलेक्टर विश्वदीप के निर्देशानुसार कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा जिले के निजी उर्वरक विक्रेताओं तथा सरकारी समितियों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विकासखंड भोपालपटनम के ग्राम मद्देड़ स्थित मेसर्स लक्ष्मी मार्केटिंग एवं बालाजी ट्रेडर्स एंड जनरल स्टोर में उपलब्ध उर्वरकों का भौतिक सत्यापन किया गया। संयुक्त दल ने दुकानों में उपलब्ध 20-20-0-13, यूरिया एवं टी.एस.पी. उर्वरकों के पास मशीन में दर्ज स्टॉक का भौतिक स्टॉक से मिलान किया। साथ ही उर्वरक विक्रय से संबंधित दस्तावेजों जैसे अनुज्ञप्ति प्रमाण-पत्र, ओ-फॉर्म की वैधता तथा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रतिष्ठानों के बीज विक्रय लाइसेंस, स्रोत प्रमाण-पत्र एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों का भी परीक्षण किया गया। जांच में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई और सभी दस्तावेज नियमानुसार पाए गए। गुणवत्ता परीक्षण के उद्देश्य से विक्रय केंद्रों में उपलब्ध भंडारण से एक यूरिया तथा धान बीज के तीन नमूने संग्रहित किए गए, जिन्हें परीक्षण हेतु भेजा जाएगा। निरीक्षण दल में उमेश कुमार देवांगन एवं कृष्णा सिन्हा, सहायक संचालक कृषि तथा लक्ष्मण कुमार राठिया, तहसीलदार भोपालपटनम उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उपलब्ध कराने एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से इस प्रकार की जांच आगे भी जारी रहेगी।

# नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 की तैयारी को लेकरविकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक



किरंदुल। नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 में शासकीय विद्यालयों के सुचारू संचालन एवं शासन की योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कुआकोंडा द्वारा बुधवार समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रमोद भदौरिया ने किया।यह बैठक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुआकोंडा में आयोजित की गई। बैठक में छात्रों कि शत प्रतिशत उपस्थिति यूडीएएसआई+ पोर्टल पर विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण एवं डेटा सत्यापन, जाति तथा निवास प्रमाण पत्र की उपलब्धता, पोस्ट एवं प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदनों के सत्यापन एवं अग्रेषण, कक्षा प्रथम में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के नामांकन एवं डाटा प्रविष्टि, मध्यान्ह भोजन योजना के तहत गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदाय, विद्यालय परिसर एवं कक्षा-कक्षों की स्वच्छता व्यवस्था, विद्यालय भवन, बाउंड्रीवाल, पेयजल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की स्थिति, शिक्षक-शिक्षिकाओं की नियमित उपस्थिति तथा एमबीयू पोर्टल पर विद्यार्थी, शिक्षक एवं भौतिक संसाधनों के डेटा अद्यतनीकरण की बिंदुवार समीक्षा की गईं। खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रमोद सिंह भदौरिया ने समस्त प्रधान पाठकों को निर्देशित किया है कि वे अपने विद्यालय से संबंधित अद्यतन जानकारी, युडीएएसआई+ की प्रिंट प्रति एवं आवश्यक अभिलेखों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से पूर्ण करे । बैठक में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज सिंह राठौर, खंड स्रोत समन्वयक रत्तूराम राणा, एमडीएम प्रभारी संतु नाग,समस्त संकुल समन्वयक एवं समस्त प्रधान अध्यापक उपस्थित रहें।

# न्यायपालिका एवं पुलिस के समन्वय को लेकर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्रशिक्षु सहायक उप निरीक्षकों का बैठक



कोण्डागांव। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव विक्रम प्रताप चंद्रा की अध्यक्षता में प्रशिक्षु सहायक उप निरीक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेशमा बैरागी पटेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव गायत्री साय एवं प्रशिक्षु सहायक उप निरीक्षक उपस्थित थे।बैठक का उद्देश्य प्रशिक्षु अधिकारियों को न्यायिक प्रक्रिया, विधि के शासन, पुलिस प्रशासन की भूमिका तथा न्यायपालिका एवं पुलिस के मध्य समन्वय के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना था। बैठक में अपर सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चंद्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस विभाग आमजन और न्याय व्यवस्था के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है। कानून का प्रभावी क्रियान्वयन नागरिको के अधिकारों की रक्षा तथा समाज में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने मे पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी, निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ करने की सलाह दी। बैठक के दौरान प्रशिक्षु सहायक उप निरीक्षकों को अपराध पंजीयन, अनुसंधान की प्रक्रिया, साक्ष्य संकलन, गवाहों के महत्व, न्यायालयीन कार्यवाही में पुलिस अधिकारियों की भूमिका तथा विधिक प्रावधानों की प्रभावी पालन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया की किसी भी प्रकरण में निष्पक्ष जांच एवं तथ्यात्मक साक्ष्यों का संकलन न्याय प्रदान करने की प्रक्रिया को मजबूत बनाता है। साथ ही यह भी बताया गया की महिलाओं बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों एवं समाज के कमजोर वर्गों से संबंधित मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरतने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि कानून का उद्देश्य केवल अपराधियों को दण्डित करना ही नहीं बल्कि पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाना और उनके अधिकारो की रक्षा करना भी है।

# कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन, महंगाई भत्ता सहित 6 प्रमुख मांगें उठाई



कोंडागांव। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, जिला कोंडागांव ने कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों और ज्वलंत समस्याओं के निराकरण को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। संघ ने बुधवार को भोजनावकाश के दौरान ध्यानाकर्षण ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कर्मचारियों और पेंशनरों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता एवं डीए एरियर्स का लाभ देने की मांग की। ज्ञापन में कैशलेस चिकित्सा सुविधा के लिए तत्काल आदेश जारी करने, सेवानिवृत्ति पर 300 दिनों के अवकाश नकदीकरण, संविदा एवं अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण, शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा लाभ देने तथा अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत की सीमा समाप्त करने की मांग शामिल है। संघ ने कहा कि कर्मचारियों से जुड़े इन मुद्दों का शीघ्र निराकरण किया जाए ताकि प्रदेश के लाखों अधिकारी-कर्मचारियों को राहत मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### मारुति सुजुकी में करियर बनाने का अवसर, आईटीआई कोनी में 12 जून को कैंपस प्लेसमेंट

**बिलासपुर।** जिले के तकनीकी रूप से प्रशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार का उत्कृष्ट अवसर उपलब्ध हुआ है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), कोनी, बिलासपुर में 12 जून 2026 को सुबह 10 बजे से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट अभियान में मारुति सुजुकी ईंडिया लिमिटेड के गुजरात प्लांट हेतु लगभग 200 योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को लगभग 28,300 रुपये प्रतिमाह का आकर्षक सीटीसी पैकेज प्रदान किया जाएगा। यह भर्ती औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से मैकेनिक मोटर व्हीकल, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, वेल्डर, पेंटर, वायरमैन, शीट मेटल, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, टूल एंड डाई तथा पीपीओ व्यवसाय में प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जा रही है। कैंपस प्लेसमेंट में वही अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे जिन्होंने दसवीं कक्षा न्यूनतम 40 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो तथा संबंधित ट्रेड में आईटीआई प्रशिक्षण प्राप्त किया हो। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 26 वर्ष के मध्य होना आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों जैसे दसवीं एवं आईटीआई की अंकसूची, प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो तथा बायोडाटा के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा गया है। आईटीआई कोनी द्वारा आयोजित यह प्लेसमेंट ड्राइव युवाओं को देश की अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनी में रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। संस्थान ने जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के पात्र युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाकर अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाने की अपील की है।

### वर्षा ऋतु और संभावित बाढ़ से निपटने नगर निगम ने बनाया कंट्रोल रूम

**बिलासपुर।** आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए नगर निगम बिलासपुर ने जलभराव, जल निकासी एवं संभावित बाढ़ जैसी परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। निगम आयुक्त के निर्देश पर विकास भवन में बाढ़ नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किया गया है, जो वर्षा काल के दौरान चौबीसों घंटे कार्य करेगा। नगर निगम द्वारा जारी आदेश के अनुसार नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं आपातकालीन परिस्थितियों में समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कंट्रोल रूम का संचालन किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अलग-अलग पालियों में ड्यूटी लगाई गई है, ताकि किसी भी समय प्राप्त होने वाली सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन कार्यों के लिए अपर आयुक्त श्री खजांची कुम्हार और मुख्य अभियंता श्री राज कुमार मिश्रा को संयुक्त रूप से नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं अधीक्षण अभियंता श्री एस.पी. साहू को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर निगम ने नागरिकों की सुविधा के लिए बाढ़ नियंत्रण कक्ष का हेल्पलाइन नंबर 07752-471224 जारी किया है। शहर के किसी भी क्षेत्र में जलभराव, नाली अवरोध, जल निकासी में समस्या अथवा अन्य वर्षाकालीन कठिनाइयों की सूचना इस नंबर पर दी जा सकेगी। निगम आयुक्त ने बताया कि मानसून के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए मैदानी अमले को भी सक्रिय किया गया है। निगम की यह पहल वर्षा के दौरान नागरिकों को राहत प्रदान करने तथा शहरी व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। निगम प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे जल निकासी मार्गों में कचरा न डालें तथा किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल कंट्रोल रूम को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### श्री गंगानगर पुरी- श्री गंगानगर एक्सप्रेस में अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा, अधिकाधिक यात्रियों को मिलेगी कन्फर्म बर्थ

**बिलासपुर।** यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए तथा अधिक से अधिक यात्रियों को कन्फर्म बर्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 20471/20472 श्री गंगानगर- पुरी- श्री गंगानगर एक्सप्रेस में अस्थायी रूप से एक अतिरिक्त स्लीपर कोच जोड़े जाने का निर्णय लिया गया है। इस व्यवस्था के तहत गाड़ी संख्या 20471 श्री गंगानगर- पुरी एक्सप्रेस में दिनांक 07 जून 2026 से 28 जून 2026 तक तथा गाड़ी संख्या 20472 पुरी- श्री गंगानगर एक्सप्रेस में दिनांक 10 जून 2026 से 01 जुलाई 2026 तक एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। रेलवे द्वारा की गई इस पहल से यात्रा के दौरान कन्फर्म बर्थ की उपलब्धता में वृद्धि होगी तथा प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को विशेष राहत मिलेगी। साथ ही यात्रियों को अधिक आरामदायक एवं सुविधाजनक यात्रा का लाभ प्राप्त होगा।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा ग्राहक मिलन (कस्टमर मीट) कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया....

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा दिनांक 10 जून, 2026 को मुख्यालय, बिलासपुर में माल परिवहन व्यवसाय से जुड़े ग्राहकों, उद्योग प्रतिनिधियों एवं व्यापारिक संगठनों के साथ संवाद एवं समन्वय को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक ग्राहक मिलन (कस्टमर मीट) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री बिजय कुमार ने की। इस अवसर पर 29 विभिन्न फर्मों के 48 प्रतिनिधियों सहित माल परिवहन ग्राहक, उद्योग प्रतिनिधि, साइडिंग संचालक, व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी तथा रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारतीय रेल एवं ग्राहकों के मध्य मजबूत साझेदारी को माल परिवहन व्यवसाय की सफलता का आधार बताते हुए ग्राहक सुविधाओं, डिजिटल सेवाओं तथा रेलवे द्वारा संचालित विभिन्न व्यावसायिक पहलों की जानकारी साझा की गई। बैठक के दौरान माल लदान, अनलोडिंग सुविधाओं,



रेलवे साइडिंग, माल शेड, पार्सल एवं लॉजिस्टिक सेवाओं सहित डिजिटल प्लेटफॉर्म से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। ग्राहकों द्वारा प्रस्तुत सुझावों एवं मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श किया गया तथा उनके त्वरित एवं व्यवहारिक समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की माल परिवहन उपलब्धियों एवं व्यावसायिक पहलों पर विशेष प्रस्तुति भी दी गई। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 261.25 मिलियन टन माल लदान कर भारतीय रेल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कोयला लदान के क्षेत्र में 199.40 मिलियन टन के साथ प्रथम स्थान हासिल किया गया। इसी अवधि में 30,410.30 करोड़ का उद्गम माल राजस्व अर्जित कर जोन ने भारतीय रेल में अग्रणी प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त 151.25 बिलियन नेट टन किलोमीटर (ह्रञ्जयरू) का रिकॉर्ड प्रदर्शन दर्ज किया गया, जो भारतीय रेल के किसी भी जोन द्वारा सर्वाधिक है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा माल परिवहन अवसंरचना के विकास के तहत नए गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनलों का संचालन, माल शेड सुविधाओं का विस्तार तथा सीसीटीवी एवं ड्रोन आधारित डिजिटल मॉनिटरिंग जैसी आधुनिक व्यवस्थाओं को भी प्रभावी रूप से लागू किया गया है, जिससे ग्राहकों को बेहतर एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राहकों एवं उद्योग प्रतिनिधियों ने रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के संवादात्मक आयोजनों के माध्यम से व्यावसायिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन उप मुख्य परिचालन प्रबंधक (गुड्स) श्री अर्जुन सिबल द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## एसईसीएल ने बिलासपुर में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का किया शुभारंभ

- 4.72 करोड़ की सीएसआर परियोजना के तहत बिलासपुर जिले की 200 आंगनबाड़ियों का हो रहा उन्नयन



**बिलासपुर।** साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत बिलासपुर के लिंगियाडीह में विकसित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण किया। यह केंद्र बिलासपुर जिले की 200 आंगनबाड़ियों के आधुनिकीकरण एवं उन्नयन के लिए 4.72 करोड़ की लागत से संचालित परियोजना का हिस्सा है। इस अवसर पर एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) श्री बिरंची दास ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा और बेहतर सुविधाएं बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव तैयार करती हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के लिए सीखने का बेहतर वातावरण उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री अजय बेहरा, सीएसआर विभाग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। वर्तमान में केंद्र में 22 बच्चे नामांकित हैं। इस अवसर पर बच्चों को पुस्तकें, पेंसिल, ड्राइंग पैड, स्केच बुक सहित विभिन्न शिक्षण सामग्री वितरित की गई। उन्नत केंद्र में बाल-अनुकूल शिक्षण कक्ष, बेहतर स्वच्छता सुविधाएं, शैक्षणिक सामग्री एवं आधुनिक फर्नीचर उपलब्ध कराया गया है। उल्लेखनीय है कि एसईसीएल शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में बिलासपुर जिले में अनेक महत्वपूर्ण सीएसआर परियोजनाएं संचालित कर रहा है। हाल ही में माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा बिलासपुर के सकरी क्षेत्र में

## फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने राज्य सरकार की बड़ी पहल

- धान से आगे बढ़ेगा किसान: दलहन-तिलहन की खेती पर मिलेगा 15 हजार प्रति एकड़ प्रोत्साहन
- किसानों की आय बढ़ाने और जल संरक्षण में मिलेगी मदद

**बिलासपुर।** राज्य सरकार ने खरीफ 2026 से किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी और कपास जैसी वैकल्पिक फसलों की खेती करने वाले किसानों को 15 हजार रुपये प्रति एकड़ की आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इस निर्णय से किसानों को अधिक लाभकारी खेती अपनाने का अवसर मिलेगा तथा कृषि क्षेत्र में संतुलित विकास को बढ़ावा मिलेगा। कृषि विभाग के उप संचालक पीडी हाथेश्वर के अनुसार योजना का उद्देश्य धान पर अत्यधिक निर्भरता को कम करना, किसानों की आय में वृद्धि करना तथा जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना है। प्रदेश में लगातार फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके तहत अब वैकल्पिक फसलों को अपनाने वाले किसानों को सीधा आर्थिक प्रोत्साहन दिया जाएगा। योजना के अंतर्गत किसानों को एकीकृत किसान पोर्टल एवं एग्रीस्टैक में पंजीयन कराने के साथ डिजिटल क्रॉप सर्वे में अपनी फसल की जानकारी दर्ज करानी होगी। पात्रता की पुष्टि के बाद सहायता राशि सीधे किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि दलहन एवं तिलहन फसलें न केवल किसानों को बेहतर आर्थिक प्रतिफल देती हैं, बल्कि भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने में भी सहायक होती हैं। वहीं मोटे अनाज एवं अन्य वैकल्पिक फसलें कम पानी में भी बेहतर उत्पादन देने में सक्षम हैं। इससे भूजल संरक्षण और टिकाऊ कृषि व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का, कपास तथा पोषक अनाज (मिलेट्स) की खेती अपनाकर शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का अधिकतम लाभ उठाएं।

## श्रद्धा महिला मंडल और एसईसीएल बिलासपुर द्वारा वृद्धाश्रम में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बिलासपुर।** श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल बिलासपुर द्वारा दिनांक 08 जून 2026 को माता रानी की कुटिया वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्ध महिलाओं के लिए एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा एवं एसईसीएल परिवार की प्रथम महिला श्रीमती शशि दुहन के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मंडल की आदरणीय उपाध्यक्षगण भी उपस्थित रहीं। सभी ने वृद्धाश्रम में रह रही वृद्धजनों से आत्मीय संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनका उत्साहवर्धन किया। शिविर में* डॉ पारुली साहू एवं उनकी टीम द्वारा 25 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया* गया। शिविर में रक्तचाप (ब्क्क), नाड़ी (क्ष्ठ्ठह्यद्ग), ष्टक्चष्ट, ऋक्चस्न, ॥ड्ढ१ष्, लिवर प्रोफाइल, किडनी प्रोफाइल एवं लिपिड प्रोफाइल सहित विभिन्न जांचें नि:शुल्क की गईं। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत जरूरतमंद महिलाओं को नि:शुल्क दवाइयों




का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती शशि दुहन ने वृद्धाश्रम की महिलाओं को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया तथा उनके स्वास्थ्य की नियमित देखभाल हेतु प्रतिमाह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित करने की घोषणा की। शिविर के उपरांत वृद्धाश्रम में निवासरत 25 बुजुर्गों को पौष्टिक नाश्ता एवं फल की टोकरियाँ वितरित की गईं, जिससे उनके प्रति स्नेह, सम्मान एवं अपनत्व का भाव व्यक्त किया जा सके। इस सेवा कार्य में समिति की सदस्याओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। यह स्वास्थ्य शिविर श्रद्धा महिला मंडल की सामाजिक सेवा, करुणा एवं जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का एक सराहनीय प्रयास रहा, जिससे वृद्धाश्रम की महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त हुआ तथा उनमें सुरक्षा एवं अपनत्व की भावना का संचार हुआ।

## वडसा रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सिग्नल प्रणाली का सफल कमीशनिंग, रेल परिचालन होगा अधिक संरक्षित एवं दक्ष




**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत सिग्नल एवं दूरसंचार निर्माण यूनिट, नागपुर द्वारा वडसा रेलवे स्टेशन पर सिग्नल एवं दूरसंचार प्रणाली के आधुनिकीकरण का महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इस कार्य के अंतर्गत पुरानी वेस्ट्रेस इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) प्रणाली के स्थान पर अत्याधुनिक हिताची इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्थापित की गई है तथा स्टेशन यार्ड का पुनर्गठन कर इसे अरमोरी नई ब्रॉडगेज रेल लाइन से जोड़ा गया है। यह जटिल तकनीकी कार्य निर्धारित 5 घंटे के ट्रैफिक ब्लॉक में सफलतापूर्वक पूरा किया गया तथा नई प्रणाली को 07 जून 2026 से चालू किया गया है। इस उन्नयन से वडसा स्टेशन की परिचालन क्षमता में वृद्धि होने के साथ-साथ रेल यातायात और अधिक संरक्षित, विश्वसनीय एवं सुचारु हो सकेगा। नई व्यवस्था के अंतर्गत अत्याधुनिक आई.पी.एस. विद्युत आपूर्ति प्रणाली, हिताची इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग तथा फायर अलार्म सिस्टम स्थापित किए गए हैं। इस प्रणाली के माध्यम से स्टेशन पर कुल 63 रूट, 15 मुख्य सिग्नल, 6 कॉलिंग-ऑन सिग्नल, 8 शंट सिग्नल, 3 रेल लाइनें तथा 31 डीसी ट्रैक सर्किट संचालित किए जा रहे हैं। इस महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने से अरमोरी नई ब्रॉडगेज रेल लाइन के साथ बेहतर संपर्क स्थापित होगा तथा भविष्य में क्षेत्र में रेल सेवाओं के विस्तार एवं यातायात की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता मिलेगी। साथ ही, ट्रेनों के परिचालन में संरक्षा, समयपालन और दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे निरंतर आधुनिक तकनीकों को अपनाकर रेल अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने तथा यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं विश्वसनीय रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। वडसा स्टेशन पर अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली का सफल कमीशनिंग इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# एसईसीएल मुख्यालय में समर कैंप 2026 का भव्य समापन

### बच्चों ने 21 दिनों तक सीखी फिटनेस, रचनात्मकता और नेतृत्व की नई सीख




**बिलासपुर।** बच्चों की खिलखिलाहट, रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों और उत्साह से सराबोर वातावरण के बीच साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) मुख्यालय में आयोजित - एसईसीएल समर कैंप-2026- का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। डीएवी पब्लिक स्कूल, एसईसीएल वसंत विहार में आयोजित समापन समारोह में बच्चों ने योग, नृत्य, संगीत, खेलकूद, कला एवं शिल्प सहित विभिन्न गतिविधियों की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर 21 दिनों की अपनी सीख और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री हरीश दुहन तथा श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन रहीं। इस अवसर पर एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारी, विभागाध्यक्ष, एचआर-जेसीसी प्रतिनिधि, वेलफेयर कमेटी के सदस्य, श्रद्धा महिला मंडल की सदस्याएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। योग और फिटनेस प्रदर्शन में जहां अनुशासन एवं एकाग्रता की झलक दिखाई दी, वहीं नृत्य, संगीत एवं कला संबंधी प्रस्तुतियों में बच्चों की कल्पनाशीलता और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। अभिभावकों ने भी बच्चों में आए सकारात्मक बदलावों और आत्मविश्वास में वृद्धि की सराहना की। अपने संबोधन में श्री हरीश दुहन ने कहा कि समर कैंप केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक प्रभावी मंच है। उन्होंने बच्चों को जीवन में निरंतर सीखते रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और अपनी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एसईसीएल अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के कल्याण को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। समारोह के दौरान एक पेड़ माँ के नाम- अभियान के अंतर्गत सम्मानित अतिथियों द्वारा पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर बच्चों को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा उन्हें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने और पौधों की देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। उल्लेखनीय है कि 18 मई से 10 जून 2026 तक आयोजित इस 21 दिवसीय समर कैंप में लगभग 175 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को आयु वर्ग के अनुसार विभिन्न समूहों में विभाजित कर फिटनेस, खेलकूद, योग, संगीत, नृत्य, कला एवं शिल्प, विज्ञान एवं नवाचार, सार्वजनिक वक्तृत्व, नेतृत्व विकास तथा अन्य शिक्षाप्रद एवं मनोरंजक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया।

